झारखण्ड विधान सभा

ध्यानाकर्षण सूचना

<u>चतुर्थ झारखण्ड विधान-सभा</u>
<u>अष्टम् (बजट)सत्र</u>

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण- सूचनायें झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन के नियम- 147 के अन्तर्गत दिनांक- 20.01.2017 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी हैं :-

क्र0सं0	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
01.	02.	03.	04.
01-	श्रीमती गीता कोड़ा एवं श्री बादल स0वि0स0	राज्य के BPL एवं APL परिवारों को स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 2.50 लाख रू0 गंभीर बीमारी तथा 50 हजार सामान्य बीमारी के लिए दिये जाने का नीतिगत निर्णय लिये जाने के बावजूद उक्त योजना का कार्यान्वयन अभी तक नहीं हो पाई है। इसके लिए TRANSACTION ADVISOR भी अभी तक नियुक्त नहीं किये गये है। अतः उक्त योजना का कार्यान्वयन हेतु तत्काल कदम उठाये जाने की ओर आसन के माध्यम से सरकार का ध्यानाकृष्ट कराना चाहेंगे।	स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण
02-	श्री भानु प्रताप शाही एवं श्री एनोस एक्का स0वि0स0	गढ़वा जिलान्तर्गत प्रखण्ड नगर उटारी को नगर पंचायत क्षेत्र घोषित किया जा चुका है। यहाँ पर नगर पंचायत की मूल-भूत सुविधा से वंचित है तथा अभी तक नगर पंचायत का चुनाव भी नहीं हो पाया है। जबकि यहाँ पर होल्डिंग टैक्स लिया जा रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र में निवास करने वाले लोग 2 से 5 प्रतिशत की टैक्स भुगतान करने वाले सक्षम लोग है। अतः जब तक नगर पंचायत की सभी अहर्ताएँ एवं मूल-भूत सुविधा पूर्ण नहीं हो जाती है तथा चुनाव नहीं हो जाता है तब तक के लिए किसी भी तरह का टैक्स लागू नहीं किया जाय, हम सभी सदन के माध्यम से सरकार का ध्यानाकृष्ट कराते है।	नगर विकास एवं आवास

कृ0पृ0उ0

01.	02.	03.	04.
03-	श्री शिवशंकर उराँव श्रीमती गंगोत्री कुजूर एवं श्री लक्ष्मण टुडू स0वि0स0	झारखण्ड राज्य के गढ़वा जिला से सटे बिहार राज्य के रोहतास जिले की कैमूर पहाड़ी पर रोहतासगढ़ किला अवस्थित है। यह किला उराँव जनजाति समाज के पूर्वज राजा के द्वारा निर्मित एवं निवास स्थल के रूप में मशहूर है। इस ऐतिहासिक किले में प्रतिवर्ष समाज का सांस्कृतिक-सामाजिक समागम मेला आयोजित होता है। जिसमें देश भर के जनजाति समुदाय के लोग लाखों की संख्या में भाग लेते है। रोहतासगढ़ किला प्रांगण में तीन दिनों तक चलने वाले इस सामाजिक-सांस्कृतिक मेले में देश भर के उराँव जनजाति समुदाय के लोग सम्मिलित होकर अपने पूर्वजों के गौरवशाली ऐतिहासिक धरोहर से साक्षात्कार कर गौरान्वित होते है। यह किला और मेला उराँव जनजाति समाज का ऐतिहासिक तीर्थ स्थल के रूप में प्रतिस्थापित हो चुका है। हमारे झारखण्ड राज्य के उराँव जनजाति समाज के लोग भी इस मेला और अन्य समय भी रोहतास गढ़ किला दर्शन के लिए हजारों की संख्या में जाते-आते रहते है। वर्त्तमान में रोहतासगढ़ किला तक पहुँचने के लिए 160 कि0मी0 अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। परन्तु गढ़वा जिला के कांडी प्रखंड के ग्राम सोनपुरा के पास सोन नदी पर पुल का निर्माण होने से 160 कि0मी0 कम दूरी के साथ-साथ लोगों के आवागमन में अत्यंत सुविधा होगी। इस पुल के निर्माण के लिए डी0पी0आर0 भी बनकर तैयार है, परन्तु अब तक कार्यान्वयन नहीं हुआ। अतः सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस अत्यंत अवलम्बनीय लोक महत्व के पुल का निर्माण शीघ्रातिशीघ्र कराया जाए।	पथ निर्माण
04-	श्रीमती विमला प्रधान स0वि0स0	सिमडेगा विधान सभा क्षेत्र के सिकरियाटांड़ पंचायत के आठ गाँव यथा नवाटोली, बागडांड़, डीपाटोली, टांगरटोली, तुमगा, केराटोली, चोगोटोली गाँवों में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत् अभी तक बिजली नहीं दी गयी, जिससे यहाँ पर बसने वाले करीब चार हजार की आबादी अंधेरे में गुजारा कर रही है। अगले गाँव सोगड़ा सैन्डीह में बिजली आपूर्ति 2008 से की जा रही है।	ऊर्जा

		अतः सरकार का ध्यानाकृष्ट करते हुए कहना है कि यथाशीघ्र इन गाँवों में बिजली आपूर्ति के लिए प्रक्रिया प्रारंभ की जाय जिससे कि वर्षो का इन्तजार को हकीकत में बदला जा सके।	

राँची,
दिनांक– 20 जनवरी, 2017 ई0।

बिनय कुमार सिंह
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

ज्ञाप सं0–ध्या0 एवं अना0प्र0–01/2017–813/वि0 स0, राँची, दिनांक– 19.01.17

प्रतिः– झारखण्ड विधान सभा के मा0सदस्यगण/ मा0मुख्यमंत्री/ एवं अन्य मंत्रिगण/ मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार, राँची/ मा0 राज्यपाल के प्रधान सचिव/ लोकायुक्त के आप्त सचिव/ महाधिवक्ता उच्च न्यायालय राँची/ स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/पथ निर्माण विभाग एवं ऊर्जा विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(एस शिराज वजीह बंटी)
उप सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

ज्ञाप सं0–ध्या0 एवं अना0प्र0–01/2017–813/वि0 स0, राँची, दिनांक– 19.01.17

प्रतिः– आप्त सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय/आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः मा0 अध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव के सूचनार्थ प्रेषित।

उप सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

सुभाष/–